**Series : WXY4Z**

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 72**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Please check that this question paper contains **16** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक कला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# COMMERCIAL ART (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

**सामान्य निर्देश :**

* **खंड – अ**

  **सभी** प्रश्नों का उत्तर दें । (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।)

* **खंड – ब**

  **सभी** प्रश्नों का उत्तर दें । (प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।)

* **खंड – स**

  किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है ।)

## खण्ड – अ $8 \times 1 = 8$

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. किस चित्र में भगवान श्री कृष्ण को विराट (बड़े) रूप में चित्रित किया गया है ?

   (A) कृष्ण गोपियों के संग

   (B) गोवर्धनधारी कृष्ण

   (C) नंद, यशोदा और कृष्ण अपने सम्बन्धियों के साथ वृंदावन जाते हुए ।

   (D) झूले पर कृष्ण

2. **अभिकथन (A) :** मुगल कला शैली का चित्र 'फलक पर बाज पक्षी' मुगल चित्रकला के बारीक प्रकृति चित्रण का उदाहरण है ।

   **कारण (R) :** मुगल कलाकार सरल डिजाइन, वनस्पति एवं जीव-जन्तुओं के यथार्थ चित्रण के लिए जाने जाते थे जिन पर अमेरिकन व ऑस्ट्रेलियन कलात्मक परंपरा का प्रभाव था ।

   (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

   (B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

   (C) (A) सही है पर (R) गलत है ।

   (D) (A) गलत है पर (R) सही है ।

**General Instructions :**

* **SECTION – A**

  Attempt **all** questions. (Each question will carry **1** mark.)

* **SECTION – B**

  Attempt **all** questions. (Each question will carry **2** marks.)

* **SECTION – C**

  Attempt any **two** questions. (Each question will carry **6** marks.)

## SECTION – A $8 \times 1 = 8$

### (Multiple Choice Questions)

Select the correct answer from the given options :

1. In which painting Lord Krishna is painted in Veerat (Large) Rupa ?

   (A) Krishna with Gopis

   (B) Krishna lifting Mount Govardhana

   (C) Nand, Yashoda and Krishna going to Vrindavan with Kinsmen.

   (D) Krishna on Swing

2. **Assertion (A) :** Mughal School painting 'Falcon on the Bird Rest' is an example of detailed naturalism characteristic of the Mughal miniatures.

   **Reason (R) :** Mughal artists were known for their simplistic designs and realistic portryal of flora and fauna, influenced by American and Australian traditions.

   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are true and (R) is not correct explanation of (A).

   (C) (A) is true, but (R) is false.

   (D) (A) is false and (R) is true.

3. पाठ्यक्रम के अनुसार पहाड़ी चित्रकला में किस माध्यम का सामान्यतः उपयोग किया जाता था ?

(A) ऑयल पेस्टल
(B) केनवस पर तैलीय रंग
(C) केनवस पर एक्रेलिक
(D) कागज पर जल रंग

4. राजस्थानी चित्रशैली का एक ऐसा चित्र पहचानें जिसमें चमकदार रंगों के साथ सपाट पृष्ठभूमि का उपयोग किया गया है ।

(A) गोवर्धनधारी कृष्ण
(B) चौगान के खिलाड़ी
(C) दारा शिकोह की बारात
(D) कृष्ण गोपियों के संग

5. निम्नलिखित में से कौन एक छापा चित्रकार नहीं है ?

(A) के. लक्ष्मा गौड
(B) अमृता शेरगिल
(C) सोमनाथ होरे
(D) ज्योति भट्ट

6. समानुभूति व दया "यात्रा का अन्त" चित्र के दो मुख्य भाव है इस चित्र के चित्रकार कौन हैं ?

(A) नंदलाल बोस
(B) राजा रवि वर्मा
(C) डी.पी. राय चौधरी
(D) अबनीन्द्रनाथ टैगोर

7. राजस्थानी लघुचित्रों में भगवान कृष्ण की धोती को अधिकतर पीले रंग के विभिन्न तानो में दर्शाया गया है । इसको क्या कहते हैं ?

(A) दिगम्बर
(B) नीलाम्बर
(C) पीताम्बर
(D) घनश्याम

8. निम्नलिखित में से "झूले पर कृष्ण" चित्र की विषय-वस्तु क्या है ?

(A) यह नृत्य प्रदर्शन से सम्बन्धित है ।
(B) यह पारिवारिक सभा से सम्बन्धित है ।
(C) यह मेले से सम्बन्धित है ।
(D) यह केशवदास कृत रसिकप्रिया का एक दृश्य है ।

3. Which technique was typically used in Pahari painting from your syllabus ?

(A) Oil pastel
(B) Oil on canvas
(C) Acrylic on canvas
(D) Water colour on paper

4. Identify the painting of Rajasthani school where the artist used bright glowing colours with flat background ?

(A) Krishna lifting Mount Govardhana
(B) Chaugan players
(C) Marriage procession of Dara Shikoh
(D) Krishna with Gopis

5. Which of the following is not a print maker ?

(A) K. Laxma Goud
(B) Amrita Shergil
(C) Somnath Hore
(D) Jyoti Bhatt

6. Empathy and Sorrow are dominant emotions in the painting "Journey's End". Who is the artist of this painting ?

(A) Nandalal Bose
(B) Raja Ravi Verma
(C) D.P. Roy Chowdhary
(D) Abanindranath Tagore

7. The Garment or Dhoti of Lord Krishna in the Rajasthani miniature paintings were majorly painted in tones of yellow is known as :

(A) Digamber
(B) Neelamber
(C) Pitamber
(D) Ghanshyam

8. Which of the following is the subject matter of the painting "Krishna on Swing" ?

(A) It is related to Dance performance.
(B) It is related to family gathering.
(C) It is related to fair/carnival.
(D) It is a scene from Rasikpriya by Keshavdas.

## खण्ड – ब

$5 \times 2 = 10$

### (लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न)

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित है ।

9. "नंद, यशोदा और कृष्ण अपने सम्बधियों के साथ वृंदावन जाते हुए" चित्र में भगवान का अपने भक्तों के प्रति प्रेम दर्शाया है ।

   - इस चित्र के चित्रकार का नाम व माध्यम लिखें ।
   - बताएँ कि किस प्रकार चित्रकार ने सरल जीवन का संयोजन के माध्यम से सफलतापूर्वक चित्रण किया है ।

   **अथवा**

   लघुचित्र "भरत का चित्रकूट में राम से मिलन" अपने अनोखे और सौन्दर्यात्मक गुणों के लिए विख्यात है ।

   - इस चित्र की विषय–वस्तु का विस्तारपूर्वक वर्णन करें और चित्र में दिखाए गए संदेश/आदर्श को भी बताएँ ।

10. समृद्ध दक्खिनी शैली ने सांस्कृतिक परिशोधन को उजागर करते हुए महिलाओं को निपुण खिलाड़ियों के रूप में चित्रित करने में उत्कृष्टता हासिल की है ।

    - चित्र का वर्णन करें जिसमें महिला सशक्तिकरण को खेल के रूप में दर्शाया है ।
    - उप–शैली व चित्र का नाम बताएँ ।

    **अथवा**

    आपके पाठ्यक्रम में शामिल इस चित्र में एक दिव्य आकृति को विशाल पर्वत उठाए हुए दिखाया गया है । जो सुरक्षा प्रदान कर रहा है ।

    - चित्र की पहचान कर चित्र का नाम व कलाकार का नाम बताएँ ।
    - विषयवस्तु के माध्यम से चित्र की सराहना करें ।

11. यह चित्र एक माँ का अपने बच्चे के प्रति अपार प्रेम उनकी गहरी भावनाएँ, जुड़ाव व देखभाल करने के भाव को प्रभावी ढंग से दिखाता है ।

    दिए गए चित्रों में से किसी एक का चयन करके :

    - कलाकार का नाम व माध्यम लिखें ।
    - उपरोक्त कथन को सही साबित करते हुए चित्र की संरचनात्मक व्यवस्था का संक्षेप में वर्णन करें ।

      "माँ और बच्चा"

      **या**

      मदर टेरेसा

## SECTION – B $5 \times 2 = 10$

**(Short answer type questions)**

Answer for these questions is expected in around **100** words.

9. Nand, Yashoda and Krishna with Kinsmen going to Vrindavan depicts God's love for his devotees.
   - Write the name of the artist and medium of the painting.
   - Justify, how the artist has successfully shown simple living through the composition.

**OR**

The miniature painting "Bharat meets Rama at Chitrakut stands out for its unique and aesthetic qualities.

- Briefly describe the subject matter and the life value/message given through the painting.

10. The prosperous Deccan school excelled in depicting women as accomplished sportspersons, highlighting their cultural refinement.
    - Describe the painting from Deccan school that showcases women empowerment in the field of sports.
    - Mention the name of the painting and Sub-school.

**OR**

From your course of study this painting depicts divine interventions and protectiveness by lifting a huge mountain.

- Identify and name the painting, also mention its artist.
- Appreciate the painting based on its subject matter.

11. "The paintings effectively convey a mother's undeniable love for her child. Their deep emotional connection and sense of care".

    For any one of the painting given below :
    - Name the artist and medium of the painting.
    - Justify the above statement by describing its compositional arrangement in short.

    "Mother and Child"

    **OR**

    Mother Teresa

12. "राधिका" चित्र भावनाओं को व्यक्त करता है ।

- बताएँ कि किस प्रकार मानवीय आकृति के द्वारा कलाकार ने प्रकाशमय रंगों का प्रयोग करके भावनाओं को दिखाया है ।
- कलाकार का नाम व माध्यम बताएँ ।

**अथवा**

अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित वह प्रिंट पहचानें जो पूजा की शक्ति और कुण्डलिनी की छुपी हुई शक्ति के महत्त्व को दर्शाता है ।

- इस प्रिंट का नाम व छापा चित्रकार का नाम लिखें ।
- इस छापा चित्र की संयोजन व्यवस्था की दो विशेषताओं को बताएँ ।

13 एक सच्चा गुरु और मित्र आपको सादगी और गहन विचारों के मूल्यों को सिखाकर ज्ञान और शांति की ओर मार्गदर्शन करता है ।

- चित्रशैली और चित्र का माध्यम बताएँ ।
- किसी एक चित्र का वर्णन करते हुए इस कथन का मूल्यांकन व समर्थन करें ।

"कबीर और रैदास"

**अथवा**

"हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो"

## खण्ड – स

### दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

### (दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

प्रश्नों का उत्तर लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित हैं : **2 + 2 + 2 = 6**

14. यह चित्र पहाड़ी शैली में एक दिव्य आकृति को दर्शाता है । जिसमें दिव्य आकृति महिला भक्तो (गोपियों) के समूह से घिरी हुई है ।

(i) उपरोक्त चित्र का नाम व कलाकार का नाम लिखें ।

(ii) दृश्य का वर्णन करें जिसमें मुख्य आकृति और आस-पास की आकृतियों के बीच जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित हों ।

(iii) रंग, रचना और विवरण जैसे तत्त्वों का उपयोग करके विभिन्न आकृतियों के चित्रण में योगदान देने वाली कलात्मक विशेषताओं को समझाइए ।

15. अपने पाठ्यक्रम में शामिल मुगल शैली के उस चित्र की पहचान करें; व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें जिसमें विशाल जनसमूह, बारीक चित्रण के साथ एक जश्न दिखाया गया हो । **3 + 3 = 6**

- चित्र का नाम, चित्रकार का नाम व माध्यम बताएँ ।
- व्यक्तियों, जानवरों व अन्य तत्त्वों का वर्णन करते हुए संयोजन व्यवस्था को बताएँ ।

12. "Radhika" highlights the significance of emotion conveyed in the painting.

- How the depiction of the human form and tonal values enhance the emotional depth in the art work.
- Name the artist and the medium used.

**OR**

Identify the print that signifies the power of worship and the hidden power of Kundalini from your syllabus.

- Write the name of the print and printmaker.
- Describe two compositional qualities that you admire in this graphic print.

13 A true mentor and friend guides you to wisdom and peace by instilling values of simplicity and profound thinking.

- Write the school and medium of the painting.
- Evaluate and justify this statement through describing any one artwork mentioned below :

  "Kabir and Raidas"

  **OR**

  "Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro".

## SECTION – C

**Attempt any two questions from the given options.**

**(Long answer type questions)**

Answer for this question is expected in around **200** words : **2 + 2 + 2 = 6**

14. This Pahari School painting depicts a divine figure surrounded by a group of female (Gopis) devotees.

(i) Write the name of the artist and the painting mentioned above.

(ii) Describe the scene, focusing on the interactions between the central figure and the surrounding figures.


(iii) Explain the artistic features and how elements such as colour, composition and detailing contribute to the portryal of various figures.

15. Identify the painting from Mughal school that captures a grand celebration, filled with large crowd and intricate detailing. Based on your study of this painting from your syllabus answer the following : **3 + 3 = 6**

- Name of the painting, its artist and medium.
- Write about the compositional arrangement of the figures, animals and the other elements within the scene.

16. नीचे दिए गए चित्र में दिव्य शक्ति को अत्यन्त क्रोध में दिखाया गया है । अपने पाठ्यक्रम के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3 + 3 = 6**

- चित्र का नाम, चित्रकार का नाम व माध्यम बताएँ ।
- रंगों व संयोजन व्यवस्था का वर्णन विस्तारपूर्वक करें ।



16. Shown below is the image of divine power and the extreme of anger. Based on your syllabus answer the following : **3 + 3 = 6**

- Identify and name the painting, artist and medium.
- Appreciate the colours and compositional arrangement in detail.

